दैनिक भास्कर
राजसमन्द भास्कर 01-10-2025

# राजपुरा दरीबा में बायोमास पेलेट यूनिट का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा लाभ



रेलमगरा| हिंदुस्तान जिंक द्वारा ग्रामीण विकास व किसानों को सशक्त करने के लिए संचालित समाधान परियोजना के अंतर्गत राजपुरा दरीबा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा बायोमास पेलेट यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वेदांता की हेड सीएसआर अनुपम निधि, कृषि विभाग उपनिदेशक आत्मा संतोष दुरिया, कृषि अधिकारी शिवांग नेहरा, हेड इंजीनियरिंग पॉवर कथिरेसन के, यूनिट हेड सीपीपी सुधीर परवाल अन्य गणमान्य अतिथिगण, किसान प्रतिनिधि तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे यह बायोमास पेलेट यूनिट हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से स्थापित की गई, जिसका क्रियान्वयन बायफ आजीविका संस्था द्वारा किया जा रहा है। यूनिट की उत्पादन क्षमता 400 किलोग्राम प्रति घंटा है। यह यूनिट पूरी तरह सौर ऊर्जा पर संचालित है, जिससे न केवल उत्पादन लागत कम होती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हितकारी है। इसमें क्षेत्र में बड़ी मात्रा में पाई जाने वाली अवांछित खरपतवार लैंटाना घास का उपयोग किया जाएगा। इस एफपीओ से 2100 से अधिक किसान शेयरधारक जुड़े हुए हैं। 2021 से अब तक एफपीओ ने 3 करोड़ से अधिक का कुल व्यापार किया है, जिसमें 12 लाख से अधिक का शुद्ध लाभ शामिल है। समाधान परियोजना से हर साल रेलमगरा ब्लॉक के 32 गांवों के 5000 से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे है।